छात्र पुलिस कैडेट (SPC) कार्यक्रम

विद्यालय में स्टूडेंट-पुलिस कैडेट प्रोग्राम चलाया जा रहा है जोकि केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को एक जिम्मेवार नागरिक बनाने, शांति व नागरिक सुरक्षा के लिए पुलिस और छात्रों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित करना है।इसके अंतर्गत विद्यालय में छात्राओं के लिए आत्म रक्षा कार्यक्रम स्थानीय पुलिस के सहयोग से चलाया जा रहा है और भी कई कार्यक्रम चलाये जा रहे है जिससे की विद्यार्थी पुलिस को जाने और समाज से क्राइम को कम करने में पुलिस की मदद कर सके। विगत 2 वर्षो से कोविड-19 परिस्थितियों में जहां सभी विद्यार्थी घरों में है वह विद्यालय नहीं आ पा रहे हैं इन परिस्थितियों में विद्यार्थियों को स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम से जुड़ने के लिए ऑनलाइन माध्यम से यूट्यूब चैनल पर वेबीनार करवाए गए। विद्यालय में कक्षा 8 और 9 वीं के विद्यार्थियों को साथ लेकर स्टूडेंट पुलिस कैडेट की यूनिट को बनाया गया। ताकि वह समाज से अपराध को खत्म करने के लिए पुलिस का सहयोग कर सकें एवं इसके साथ ही उनमें देश की सेवा करने और देश प्रेम की भावना जागृत हो सके।



केन्द्रीय विद्यालय बून्दी
रजत गृह, गेट नं.03,नैनवा रोड,
बून्दी (राजस्थान)-323001
School code : 2294
E-mail:kvbundi@gmail.com
Phone: 07472456070

KENDRIYAVIDYALAYA
BUNDI
Rajat Grah, Gate No.03,
Nainwa Road, Bundi
(Rajasthan)-323001
CBSE Aff. No. : 1700072
E-mail:kvbundi@gmail.com
Phone: 07472456070

F-/KV Bundi/2019-20/

DATED : 24.06.2019

LETTER OF APPRECIATION

This certificate is issued in appreciation of untiring efforts of **Mr. AMIT KUMAR TIWARI, TGT (WE) for Commencement of Student Police Cadet (SPC) Programme for students to know our police system and organized various activities related to SPC.**

I thank you for your commitment and dedication and your efforts to positively influence the next generation which will take the country to new heights.

Keep your spirit continue in future also.
My best wishes to you.

(Pradeep Choudhary)
Principal
Kendriya Vidyalaya Bundi
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय बून्दी (राज०)

Sh. Amit Kumar Tiwari,
TGT(WE)
Kendriya Vidyalya Bundi

दैनिक भास्कर बूंदी 27-04-2022

नवाचार • छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली समझाने के साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा

केंद्रीय विद्यालय में स्टूडेंट-पुलिस कैडेट प्रोग्राम शुरू, मकसद... छात्रों को बेहतर नागरिक बनाना

भास्कर न्यूज | बूंदी

केंद्रीय विद्यालय में एसपीसी प्रोग्राम शुरू किया गया है। मंगलवार को प्रिंसीपल पुष्पेंद्रसिंह और बूंदी डीएसपी हेमंत नोगिया ने इसकी शुरूआत की। इस प्रोग्राम में छात्रों को जिला पुलिस की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस प्रोग्राम का मकसद छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना है। डीएसपी नोगिया ने बताया कि एसपीसी प्रोग्राम का मकसद छात्रों को मूल्यों और नैतिकता की सीख देकर पुलिस और स्कूली छात्रों के बीच सेतु बनाना है। उन्हें मानवता और सामाजिक गतिविधियों के साथ जोड़कर समाज के लिए बेहतर नागरिक बनाना है। प्राचार्य पुष्पेंद्रसिंह ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय यह प्रोग्राम 3 साल से करवाता रहा है। इस प्रोग्राम में छात्रों को पुलिस की कार्यप्रणाली, सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता, सामाजिक बुराइयों, आपदा प्रबंधन, आत्मरक्षा और शारीरिक प्रशिक्षण करवाया जाना है। कार्यक्रम संयोजक कार्यानुभव शिक्षक अमितकुमार तिवारी ने बताया कि एसपीसी का मकसद शांति, नागरिक सुरक्षा के लिए पुलिस और छात्रों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित करना है।

इस कार्यक्रम के तहत स्कूल के कक्षा 8 और 9 के चयनित 60 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन 10वीं की छात्रा मुस्कानसिंह और टीया मीना ने किया। 9वीं की छात्रा मनस्वी सोनी ने भी अपने भाषण में स्टूडेंट-पुलिस कैडेट कार्यक्रम के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के अंत में एसपीसी ट्रेनर पूनम कपिल, पीआरटी ने सभी का धन्यवाद दिया।

बूंदी. केंद्रीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते डीएसपी हेमंत कुमार।

बांसवाड़ा में राज्य स्तरीय स्काउट गाइड समारोह व राष्ट्रीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव हुआ

परशुराम जन्मोत्सव

<u>YouTube Videos links:</u>

1. https://youtu.be/17ZSW5sLOnk
2. https://youtu.be/f1mms-CYmTA
3. https://www.youtube.com/watch?v=hveFJ7vRk18
4. https://youtu.be/ab2nOhR53sI
5. https://youtu.be/ALUzgsM8hOM
6. https://www.youtube.com/playlist?list=PLhO5tafoFiDcvllSUPsmQaYSmkh9Q1l1C

विद्यार्थियों पर प्रभाव : इस परियोजना का उपयोग विद्यार्थियों के शिक्षण में किया गया I इस परियोजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को Student Police cadet (SPC) कार्यक्रम के बारे में बताया जा रहा हैं ताकि विद्यार्थी पुलिस के साथ जुड़ सके I और समाज से अपराध को कम करने में पुलिस की मदद कर सके I और उन में नैतिक मूल्यों का विकास हो सके न कि वे एक अच्छे नागरिक बन सकें और अपने देश की सेवा कर सके I